हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

## नाबालिग को भगा ले गया, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसला भगाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुईखदान के धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते विवेचना के दौरान सायबर सेल केसीजी की मदद से कॉल डिटेल एवं सीडीआर प्राप्त कर 26 अक्टूबर को प्रकरण के नाबालिग पीड़िता को ग्राम बिटकुली थाना बलौदाबाजार से आरोपी राहुल उर्फ दादू पिता नंदू उर्फ नन्दकुमार भुलैया उम्र 19 साल साकिन सोंड़ जिला बेमेतरा के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने से मामले में धारा 87, 64 बीएनएस, 06 पॉक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी राहुल उर्फ दादू को 26 अक्टूबर को गिरफ्तार कर 27 अक्टूबर को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

# दिवाली से पहले पुलिस का तोहफा गुम हुए 66 मोबाइल लोगों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों के गुम हुए मोबाइल की शिकायत पर जांच पड़ताल करते पुलिस ने 66 नग मोबाइल फोन को खोजकर उनके धारकों को लौटाया। मोबाइल पाकर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते पुलिस का अभार व्यक्त किया है।



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गुम मोबाइल की पतासाजी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत 66 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल कीमती लगभग 8 लाख रुपए को थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा ढूंढकर बरामद किया गया।

पुलिस अधीाक्षक मोहित गर्ग द्वारा 27 अक्टूबर को संवेदना कक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बरामद हुए सभी 66 नग मोबाइलों को प्रार्थीगणों को सुपुर्द किया गया है। इस दौरान पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक, एमन साहू निरीक्षक थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे। प्रार्थीगणों को उनके गुम मोबाइल मिल जाने से जिला राजनांदगांव पुलिस एवं थाना कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा कर धन्यवाद दिया गया। पुलिस के अनुसार आगे भी गुम मोबाइल की पतासाजी जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी कोतवाली, सीसीटीएनएस महिला आरक्षक रानू दुबे, सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, प्रदीप जायसवाल की सराहनीय भूमिका रही।

# शराब की अवैध बिक्री आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में की जा रही धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 18 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।



अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 26 अक्टूबर को सुकुलदैहान चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम डीलापहरी के एक दुकान में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर रेड कार्रवाई किया। आरोपी नितेश उर्फ नीतू वर्मा के कब्जे से 18 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 2340 रुपए एवं बिक्री रकम 230 रुपए बरामद कर आरोपी नितेश वर्मा को गिरफ्तार किया गया। जुर्म जमानतीय होने तथा आरोपी द्वारा जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।










## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम 4 को

**पटेवा।** पटेवा में लक्ष्मी उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 4 नवंबर को छत्तीसगढ़ी रिकार्डिंग डांस परिवार तिलई का सांस्कृतिक कार्यक्रम आजाद चौक में रखा गया है। आयोजक समिति के सदस्यों ने उपस्थित होने की अपील की है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम 30 को

**पटेवा।** अवेली में लक्ष्मी उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 30 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी मया के डोरी लोककला मंच काचरी का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी आनंद राम साहू ने दी।

### महरूमखुर्द में डांस प्रतियोगिता 30 को

**ठेलकाडीह।** ग्राम महरूमखुर्द में नव युवा समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 30 अक्टूबर को रखा गया है। समिति के अध्यक्ष बलित वर्मा, दीपक साहू ने बताया कि विजेताओं को सामूहिक वर्ग में क्रमशः 7000, 4000, 3000, 2000, 1000, युगल डांस में 3000, 2000, 1000, 700 एवं एकल में 2000, 1000, 700 और 500 रूपए दिया जाएगा।

### साइकिल रैली व रंगोली स्पर्धा आयोजित

**सड़क अतरिया।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अचानकपुर में



बैगलेस डे पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। पर्यावरण जागरुकता के लिए छात्र-छात्राओं ने अचानकपुर से चुचरुंगपुर, जीराटोला तक साइकिल रैली निकाला। प्राथमिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया। बच्चों ने सुआ नृत्य, राउत नाचा, गौरी-गौरा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रधानपाठक पीएल जंघेल, सुमित्रा कामड़े, गल्लाराम रोडगे, धर्मशीला जंघेल, उजय जंघेल, प्रमोद साहू, चेतराम वर्मा मौजूद थे। सायकल रैली में सरपंच नरसिंग साहू, मनोज साहू, शिक्षिका विद्या चंद्राकर, रानी देवांगन ने हिस्सा लिया।

### ड्रोन से दवा छिड़काव का प्रदर्शन

**हरदी।** पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र



राजनांदगांव ने धामनसरा में ड्रोन के माध्यम से उर्वरकों एवं कीटनाशकों के छिड़काव का प्रदर्शन किया। चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने किसानों के लिए एक अनोखी पहल करते हुए रोहित कुमार पटेल के खेत पर ड्रोन के माध्यम से उर्वरक एवं कीटनाशक का छिड़काव किया। प्रदर्शन के दौरान वत्सल, प्रांजल, सौरभ, रोहित, तुविंकल, तन्नू, यामिनी साहू, उमेश, विनोद, तुषार, टिकेश्वर, इशी, तारन, श्रुति और यामिनी ने धान की फसल पर ड्रोन का प्रयोग करवाया, जो पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक प्रभावी है। इस आधुनिक तकनीक से न केवल समय की बचत होती है बल्कि छिड़काव के दौरान उर्वरक एवं रसायनों की मात्रा भी कम लगती है। यह कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. जयालक्ष्मी गंगुली के मार्गदर्शन में किया गया है।

### पेंशनर संघ की बैठक 5 को

**डोंगरगढ़।** स्थानीय पेंशनर संघ की मासिक बैठक आगामी 5 नवम्बर को पेंशनर भवन में आहुत की गई है। संघ के अध्यक्ष एलके नारंग ने बताया कि बैठक में जीवित प्रमाण पत्र भरना, आगामी चुनाव के लिए मतदाता सूची सुधार, नाम जोड़ना, मतदाता सूची का वाचन एवं वितरण किया जायेगा। श्री नारंग ने अधिक से अधिक संख्या में पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की है।

### प्रधान पाठक उषा किरण सम्मानित

**डोंगरगढ़।** पूर्व माध्यमिक शाला बछेराभाठा की प्रधान पाठक सुश्री उषा



किरण शाह को संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया है। सुश्री शाह को यह पुरस्कार उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रदान किया गया है। सुश्री शाह एवं अन्य शिखक नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से अध्ययन अध्यापन कराते है, जिससे विद्यालय के बच्चे संकुल, विकास खंड एवं जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आ रहे हैं। सुश्री शाह को बीईओ वीरेंद्र कौर गरचा, स्त्रोत समन्वयक इनायत अली, श्रीनिवास राव, अमृतदास साहू, कन्हैया अग्रवाल, महेंद्र दास, भावना यादव, शैल शर्मा, अंकालू धुर्वे, अजय यादव, राधे लाल, धर्मेन्द्र वर्मा, गंगेश गर्ग, जितेन्द्र बघेल, रूखमा लाउत्रे, नमिता श्रीवास्तव, टेकेन्द्र साहू, मीनाक्षी अग्रवाल, विश्वनाथ चंद्रवंशी, बिन्दु भगत, यमुना कोचे, थानेश्वरी पंचारी आदि ने बधाई दी है।

### एमपी और महाराष्ट्र से क्षेत्र में आ रही शराब

# नेशनल हाईवे से शराब और लकड़ियों की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेशनल हाइवे इन दिनों अवैध कारोबार एवं तस्करी के लिए काफी बदनाम हो रहा है। इस मार्ग से शराब के साथ सागौन सहित अन्य इमारती लकड़ियों की तस्करी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कबाड़ियों द्वारा सड़क किनारे दुकान खोलकर चोरी का माल खरीदा जा रहा है। वहीं इस मार्ग से महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेष से नकली एवं नशीली दवा, गांजा आ रहा है।

रात को इस मार्ग से गाय, बैल, भैंस को अन्य राज्य भेजा जा रहा है।



**जांच की जाएगी** — अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनोज मरकाम ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेकर अधिकारियों के साथ दौरा करेंगे। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**ढाबों में बिक रही शराब**

चिचोला से बागनदी तक संचालित ढाबों में शराब एवं नशा के अन्य सामान बेचा जाता है। कई ढाबे मयखाना बन गए है। कुछ ढाबा संचालक ट्रक ड्रायवरों से सांठगांठ कर मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र से शराब मंगवाते है एवं ट्रको में आने वाले सामान भी खरीदते हैं।

**जंगलों से अवैध कटाई** — जानकारी के अनुसार वन भूमि से उत्खनन एवं अवैध कटाई लगतार जारी है। इसी प्रकार बागनदी क्षेत्र के छुरिया, घोरतलाव, रानीतलाव, सडक चिरचारी, भगवान टोला, बागरेकसा, कोटलापानी, मांगीखुटा आदि जगहों से अवैध कटाई कर लकड़ियों को महाराष्ट्र भेजा जा रहा है।

# दवा दुकान में नशीली कैप्सूल हुई बरामद

### दुकान संचालक सहित तीन पकड़ाए




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत लीमो में संचालित मेडिकल स्टोर में नशीली दवा बेचने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने दुकान संचालक सहित दो अन्य को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार दवा दुकान में काफी समय से नशीला दवा बेचा जा रहा था।उक्ताशय की मुखबिर से जानकारी मिलने पर पुलिस ने लिमो पहुंचकर सूर्या मेडिकल स्टोर्स में दबिश दिया। मेडिकल स्टोर के संचालक यादोराम यदु एवं दुकान में उपस्थित संदेही खिलेश्वर धनकर तथा राहुल जांगड़े को हिरासत में लेकर दुकान की तलाशी लिया। पुलिस को मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित टैबलेट मिली। संदेही खिलेश्वर धनकर के पास से नशीला केप्सुल मिला। संदेही राहुल जांगड़े के पास भी मादक पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस को तीनों आरोपियों के पास से प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टेबलेट, स्पैस-ट्रॉनस्कैन प्लस कैप्सूल बरामद किया। औषधि निरीक्षक प्रियंका ध्रुव ने बरामद कैप्सूल के नशीले होने की पुष्टि की है। पुलिस ने धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में नेहरू कॉलेज विजेता

**एलबीनगर।** स्थानीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशन में सेक्टर स्तरीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि घनश्याम वैष्णव, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी पीके हरि थे। सेक्टर स्तरीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता में 19 महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया। क्वार्टर फाइनल राउंड में कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर एवं दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के बीच का मैच रोमांचक रहा। प्रतियोगिता में नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ विजेता तथा रानीअवंती बाई लोधी महाविद्यालय टीम उप विजेता रही। निर्णायक हरीश साहू, हमीरचंद चंद्रवंशी, गणेश्वर तथा गौरव सोनी थे। संचालन में रासेयो प्रभारी बीआर चंद्रवंशी ने किया। क्रीड़ा प्रभारी अरुण कुमार साहू ने अंत में आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रो मनोहर बोकड़े, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, डॉ हेमलता गायकवाड, रीना सलामे, प्रीति, कामिनी वर्मा, रूपेश, हेमंत कंवर, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, कविता यदु, गौतम वी राव, बलराम साहू, डीएल यादव, गुप्तेश्वर ध्रुव, गौतम रगड़े, मंशाराम चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।



# फिर शराब दुकान खोलने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

■ 12 साल पहले शासन ने बंद किया था शराब दुकान

ग्राम में शराब दुकान खोलने आबकारी विभाग ने रूचि दिखाते हुए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव आमंत्रित किया है। ग्राम में 12 साल पहले भी शराब दुकान संचालित थी। बंद शराब दुकान को पुनः खोलने के लिए आबकारी विभाग ने 26 अक्टूबर को पत्र जारी कर पंचायत से प्रस्ताव मांगा है। सरपंच फूलमती वर्मा ने बताया कि आबकारी विभाग के पत्र के अनुसार ग्रामीणों की सभा सोमवार को ली जाएगी। ग्रामीणों की राय से प्रस्ताव लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार ग्राम को गौरव ग्राम का दर्जा मिलने के बाद शासन ने मार्च 2012 से शराब दुकान बंद कर दिया था। ग्राम को यह दर्जा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व चिंताराम द्विवेदी एवं स्व लखन लाल क़े कारण मिला था। जानकारी के अनुसार पांच साल पहले भी विभाग ने शराब दुकान खोलने के लिए प्रस्ताव मांगा था। महिला संगठनों के विरोध के बाद पंचायत के प्रस्ताव को तत्कालीन जिलाधीश ने निरस्त कर दिया था।

# नगर पंचायत के लिए ग्रामीण मिले डिप्टी सीएम से

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका




ग्रामीणों ने घुमका को नगर पंचायत का दर्जा देने की प्रक्रिया जल्द पूर्ण कराने की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। श्री साव ने आश्वासन दिया है कि उनकी मांग जल्द पूरी हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि पंचायत को नगर पंचायत बनाने की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में की थी। राजपत्र में प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति की प्रक्रिया भी पूरा कर लिया गया है। निकाय चुनाव को लेकर अब स्थिति स्पष्ट नही है जिससे जनप्रतिनिधि और ग्रामीण पशोपेश में है। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने सरकार से नगर पंचायत चुनाव की स्थिति स्पष्ट करने एवं नगर पंचायत बनाने की मांग की है। मुलाकात के दौरान सरपंच फूलमती वर्मा, जयकुमार वर्मा, पीयूष दुबे, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, नोहेंद्र सिन्हा, प्रहलाद यादव, नूनकरन वर्मा, छन्नू आडिल, गंगेश्वर वर्मा, रूपनारायण साहू, लक्ष्मण वर्मा, फागु यादव, दानी वर्मा, सूरज पात्रे, कैलाश बघेल, अवध वर्मा, अश्वनी वर्मा, उत्तम वर्मा, कमलीबाई, माहरा पाटिला, राधेश्याम वर्मा, तामेश्वर वर्मा, कन्हैया सेन आदि मौजूद थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गृहग्राम अछोली में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर बैठक आयोजित किया। इस दौरान महिला पदाधिकारी, वरिष्ठ जन, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष आदि का सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता और जनता के सहयोग से विधायक बनी है। उनका हमेशा प्रयास रहेगा कि सभी का सम्मान बना रहे। इस अवसर पर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिपं सदस्य पुष्पा वर्मा, लता साहू, चुम्मन साहू, नेतराम साहू, राजू राजपूत, फिरंगी पटेल, गोकुल वर्मा, गोकरण कोसले, पंचराम चंदेल, लालाराम वर्मा, सामसाय टांडेकर, दिनेतु जांगड़े, योधन साहू, पल्टू लहरे, फत्तू वर्मा, युवराज चंद्रवंशी, नंदू वर्मा, रामकुमार वर्मा, मुनेश वर्मा, विमल पैकरा, सुरेश देवदास, कीर्तन मंडावी, पुरषोत्तम चेलक, राजेंद्र वर्मा, बलदेव वर्मा, श्यामू साहू, रामकुमार वर्मा, राजेंद्र श्रीवास्तव, त्रिवेणी वर्मा, दीपक वर्मा, रूपेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, पारस कदम, मेश्राम ठाकुर, पोमेश वर्मा, राजेश मंडावी, पुरुषोत्तम चेलक, प्रहलाद कंवर, विक्रम साहू, मोरध्वज वर्मा, रंजीत भारती, गौतम वर्मा, गौकरण वर्मा, तारण गायकवाड, टुमेश नेताम, मूलचंद साहू, लिखन कुंजाम, ज्योति मेश्राम, राजकुमारी, हरकराम पटेल, घनश्याम, रामकुमार, ईश्वर, प्रीतम, रतनू दास, देवा, राजा जोशी, भजनू चंदेल, सतानंद, टुम्मन लाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।


















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024



### दिवाली से पहले बाजार में ग्राहकी बढ़ने से व्यवस्था ठप, यातायात प्रभावित

# पहले दिन ही व्यवस्था ठप! नो-एंट्री व नो-पार्किंग में वाहन, लगा जाम

### कई दुकानों में नियम अनुसार पार्किंग ही नहीं, फिर भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली त्यौहार के मद्देनजर एक सप्ताह के लिए नए नियम के साथ बनाई गई बाजार व्यवस्था पहले दिन ही ठप हो गई। पुलिस व प्रशासन सहित व्यापारियों की बैठक में 27 से 31 अक्टूबर तक तीन बार चार पहिया वाहनों के लिए नो-पार्किंग और नो-एंट्री जोन बनाए गए, लेकिन नो-पार्किंग में वाहन खड़े नजर आए और नो-एंट्री में बे-रोक-टोक वाहन प्रवेश करते रहे। जिससे जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। दीपावली त्यौहार पर बेहतर यातायात व्यवस्था और सुचारू खरीदी-बिक्री को लेकर पुलिस व नगर निगम प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई है। इसके लिए स्टॉपर लगाकर तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों को प्रवेश से प्रतिबंध किए जाने का बोर्ड लगाया गया। वहीं शहर के जयस्तंभ चौक सहित अन्य क्षेत्रों में भी नो-पार्किंग बोर्ड लगाया गया, लेकिन इन नियमों का पालन नहीं होने से बाजार में पहले दिन ही अव्यवस्था नजर आई। नो-पार्किंग क्षेत्र में दो पहिया वाहनें खड़ी रही।

#### व्यापारियों में नाराजगी

इधर बाजार में वाहनों को एंट्री नहीं देने के मामले को लेकर व्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है। व्यापारियों ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान खरीदी का विशेष महत्व होता है, ऐसे में धनतेरस पर इलेक्ट्रॉनिक सामानों की बिक्री होती है। वाहनों को भीतर तक प्रवेश नहीं दिए जाने के चलते मुहूर्त पर खरीदी और सामान घर तक भेजने के लिए दिक्कत होगी। जिसकी वजह से व्यापार प्रभावित होगा। दीपावली पर्व को लेकर छोटे व्यापारियों ने खरीदी की हुई है। ऐसे में वाहनों को प्रवेश नहीं मिलने से इसका असर बिक्री पर पड़ेगा और सिनेमा लाइन, गुडाखू लाइन, जूनीहटरी रोड और जयस्तंभ चौक क्षेत्र के व्यापारियों को नुकसान उठाना होगा। प्रशासन के फैसले को लेकर व्यापारी विरोध प्रदर्शन करने का मन भी बना रहे हैं।



#### नहीं हुई बाजार में वॉलिंटियरों की व्यवस्था

पुलिस और नगर निगम प्रशासन द्वारा महज बोर्ड लगा दिया गया है, लेकिन नियमों पालन कराए जाने को लेकर व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। वहीं व्यापारियों और प्रशासन की बैठक के दौरान बाजार में व्यवस्था बनाने व्यापारियों से वालंटियर रखने भी कहा गया था, लेकिन कहीं भी वाहनों को व्यवस्थित खड़ी करने के लिए कोई भी वॉलिंटियर नजर नहीं आया।




#### जगह-जगह लग रहा जाम

27 से 31 अक्टूबर तक तीन व चार पहिया वाहनों को बाजार क्षेत्र में प्रवेश नहीं दिए जाने सहित पार्किंग की व्यवस्था की गई, लेकिन चार पहिया वाहन बाजार में घुसते रहे। इस दौरान जयस्तंभ चौक सहित अलग-अलग क्षेत्र में जाम के हालात भी बन गए।

#### निर्धारित पट्टी से बाहर पार्किंग

दोपहिया वाहन चालकों को सड़क किनारे बनाई गई निर्धारित पट्टी के भीतर वाहन खड़े करने कहा गया था और इस व्यवस्था को बनाने के लिए संबंधित दुकानदारों को भी निर्देशित किया गया था, लेकिन इस व्यवस्था पर भी अमल नहीं हुआ। दोपहिया वाहन पट्टी से बाहर खड़ी रही।

# धान कटाई शुरू, दिवाली बाद पकड़ेगी रफ्तार

### पर्व के चलते कृषि मजदूरों का टोटा, मशीन से कर रहे कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली पर्व से पूर्व गांवों में कई किसानों ने धान कटाई का कार्य शुरू कर दिया है। कृषि मजदूरों के अभाव में मशीनों के माध्यम से धान कटाई और मिंजाई कराई जा रही है। दिवाली बाद इस कार्य में और भी तेजी एवं किसानों की व्यस्तता बढ़ने की संभावना है।

अंचल के किसानों ने बताया कि हरूना पतला धान लगभग पक चुका है। वहीं माई धान को पकने में लगभग सप्ताह दो सप्ताह से अधिक का समय है, इसलिए दिवाली बाद ग्रामीण इलाकों में तेजी के साथ धान कटाई का कार्य बढ़ने की संभावना है। कई किसानों ने जो पतला धान हरूना का फसल ले रहे हैं, उनमें कई किसानों ने दशहरा पर्व के बाद से ही धान कटाई का कार्य शुरू भी कर दिया है।



#### पर्व के बाद आएगी तेजी

कई किसान दिवाली पर्व मनाने के बाद धान कटाई कार्य में जुटने की तैयारियों में है। किसानों के मुताबिक दिवाली बाद माई धान की कटाई शुरू कर दी जाएगी।

#### गांव पहुंच रही हार्वेस्टर मशीन

इधर दिवाली पर्व के चलते ग्रामीण इलाकों से कई लोग शहर में काम की तलाश में पहुंच रहे हैं। सुबह साइकिल, बाइक में गांव से शहर में काम तलाश कर कार्य करने के बाद शाम को वापस अपने गांव पहुंच रहे हैं। जिसके चलते ग्रामीण इलाकों में इन दिनों कृषि मजदूरों की भी कमी महसूस की जा रही है। कई किसान मशीन हार्वेस्टर के जरिये धान कटाई एवं मिंजाई करने जुटे हुए हैं। धान कटाई के मौसम को देखते हुए गांव-गांव में हार्वेस्टर मशीन पहुंचने लगी है। बताया गया कि दो से ढाई हजार रुपए एकड़ के हिसाब से हार्वेस्टर के माध्यम से धान कटाई की जा रही है।

# बलरामपुर मामले में कांग्रेस ने फूंका सीएम व एचएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बलरामपुर क्षेत्र के थाना में हुई युवक के मौत मामले में आक्रोश व्यक्त करते कानून व्यवस्था के मामले को लेकर शहर के इमाम चौक में मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस द्वारा आयोजित पुतला दहन के दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था का हवाला देते प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गृहमंत्री व मुख्यमंत्री का पुतला निकालकर शहर के इमाम चौक पहुंचे और यहां उन्होंने पुतला दहन किया। कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पुतला दहन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, श्रीकिशन खंडेलवाल, थानेश्वर पाटिला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी और मोहिनी सिन्हा सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



#### कानून व्यवस्था बदहाल

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपराधों को रोक नहीं पा रही है। बलरामपुर जिले में अपनी पत्नी की गुमशुदगी के मामले में थाना पहुंचे युवक की थाना में संदिग्ध मौत हो जाती है। भाजपा सरकार लोगों को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। प्रदेश में हत्या, लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

### करीब महीनेभर चलेगी शुटिंग, नवरात्रि बाद से शुरू

# घोटिया में बन रही ग्राम चिकित्सालय वेब सीरीज, पंचायत की टीम कर रही निर्देशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंचायत वेब सीरीज से देशभर में धूम मचाने वाली टीवीएफ की टीम अब राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक स्थित घोटिया गांव में आ पहुंची है। यहां टीम ग्राम चिकित्सालय नाम की एक वेब सीरीज बना रही है। खास बात यह है कि देशभर के कलाकारों के साथ ही गांव के लोगों को भी वेब सीरीज में काम दिया गया है। बताया गया कि टीम ने करीबन तीन महीने पहले लोकेशन में दस्तक देकर इस गांव का चयन किया था।

रविवार को टीम के सदस्यों ने प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की, जहां सीएम ने वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय के मुहूर्त-शॉट का क्लैप दिया। टीम ने सीएम को बताया कि उनका पिछला प्रोजेक्ट प्रसिद्ध पंचायत सीरीज था, जो काफी पॉपुलर रहा, लेकिन अब हम वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय की शूटिंग राजनांदगांव में करने जा रहे हैं। वेब सीरीज की टीम ने सीएम श्री साय को बताया कि उनके पंचायत सहित अन्य प्रोजेक्ट्स की शूटिंग मध्यप्रदेश में हुई है। मगर इस बार वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय की कहानी के लिए जैसी लोकेशन ढूंढी जा रही थी, उसकी तलाश छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में जाकर खत्म हुई।

### गांव में मेले जैसा माहौल, आसपास से आ रहे ग्रामीण



#### स्थानीय कलाकारों को मिल रहा काम

वेब सीरीज बना रही टीवीएफ की टीम ने बताया कि सीरीज में छत्तीसगढ़ के लोकल टैलेंट को भी कास्ट किया जा रहा है। यहां बहुत प्रतिभाशाली कलाकार हैं। जिनका उपयोग वे कर रहे हैं, इसलिए थियेटर से जुड़े कलाकारों सहित स्थानीय लोगों को सेलेक्ट किया गया है। ग्राम चिकित्सालय के लिए लगभग एक महीने यहां शूट चलेगा।

#### तीन महीने पहले आई टीम

घोटिया के ग्रामीणों ने बताया कि करीबन तीन महीने पहले टीवीएफ की टीम उनके गांव आई थी, तब वेस सीरीज को ध्यान में रखकर लोकेशन देखी गई और घोटिया गांव का चयन किया गया। हालांकि वेब सीरीज की शुटिंग नवरात्र के बाद से ही शुरू की गई है। करीबन एक महीने तक यहां अलग-अलग सीन शुट किए जाएंगे। टीम ने अपने हिसाब से भी कई बदलाव गांव में किए हैं।

#### सुबह से शाम तक शुटिंग

घोटिया गांव में सुबह से ही वेब सीरीज की शूटिंग शुरू हो जाती है। शुटिंग के दौरान पूरा गांव सेट के आसपास ही मौजूद रहता है। गांव के लोगों द्वारा भी अभिनय करने से ग्रामीणों का जुड़ाव भी इससे हो गया है। हालांकि वेब सीरीज में गांव के असल नाम को बदलकर दिखाया जाएगा।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार
मिलने का समय - प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



# डबल इंजन सरकार से हो रहा ग्रामीण क्षेत्रों का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



## महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर महीने एक हजार रुपए महिलाओं को सीधे खाते में भेजा जा रहा है जिससे वो आत्मनिर्भर बन रही है। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि अतिरिक्त कक्ष भवन बन जाने से स्कूली बच्चों को पढ़ाई में सुविधा होगी। इस दौरान जिला भाजपा मंत्री आनंद सिंहा, मंडल भाजपा महामंत्री डॉ चन्दू वर्मा, सरपंच राधा साहू, दीपक साहू, पुनऊ साहू, अंजोरी साहू, बहादुर वर्मा, सुरेश क्षत्रिय, नरोत्तम साहू, केशव वर्मा, शेखर वर्मा, संजय साहू, बिशेसर वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

ब्लॉक के ग्रापं ढोलियाकन्हार में शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, शहर मंडल भाजपा अध्यक्ष विनय देवांगन उपस्थित थे।

अतिथियों के जोरदार स्वागत बाद नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार सभी वर्गों के हित के लिए काम कर रही है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण है जिसे बीते पांच सालों से कांग्रेस सरकार ने जानबूझकर रोक दिया था, लेकिन भाजपा सरकार बनते ही गरीब परिवारों के लिए पक्के मकान की स्वीकृति साथ प्रथम किश्त 40 हजार रुपए हितग्राहियों को मिलना शुरू हो गया है।

# परीक्षित मोक्ष के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

धमधा रोड स्थित ममता परिसर में पितरों के मोक्ष कामना साथ आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिन कथा व्यास पंडित राम प्रताप शास्त्री कोविद ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिया।

भगवान कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर उन्हें देना, सुभद्रा हरण का आख्यान कहना और सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण और सुदामा से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पत्नि के आग्रह पर अपने मित्र से मिलने के लिए वो द्वारिका पहुंचे। महल का पता पूछा और द्वार की ओर बढ़ने लगे पर द्वारपालों ने उन्हें भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई सुदामा नामक ब्राम्हण उनसे मिलने आया है जैसे ही भगवान कृष्ण ने द्वारपाल के मुंह से सुदामा का नाम सुना सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने बालसखा को देखकर सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभी लोग अचंभित हो गए।

कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बिठाया। कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। परीक्षित मोक्ष कथा बाद चढ़ोत्री, हवनादि साथ कथा का समापन हुआ। इस दौरान सातों दिन कथा स्थल पर भगवत रूपी ज्ञान तत्व का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे जिन्हें कथा व्यास पीठाधीश्वर ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन भव सागर से पार हो जाता है।

# दंतेश्वरी मंदिर में दीपोत्सव 31 को


**खैरागढ़**। भारतवर्ष में प्रतिवर्ष कार्तिक अमावस्या तिथि को दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है किंतु इस बार तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी जिसे दूर करते हुए मां दंतेश्वरी आध्यात्मिक साधना केंद्र व राजपुरोहित पंडित डॉ मंगलानंद झा ने बताया कि गुरूवार 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया जाना श्रेयस्कर है। मां दंतेश्वरी मंदिर में सूर्यास्त के बाद इसी दिन दीपोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कार्तिक अमावस्या दो दिन होने के कारण लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। गुरूवार 31 को अमावस्या अपराह्न 3.52 के बाद प्रारंभ होगा जो दूसरे दिन शुक्रवार 1 नवंबर को शाम 6.16 तक ही रहेगा। सूर्यास्त 5.23 पर होगा इस स्थिति में 53 मिनट ही अमावस्या प्राप्त होगा क्योंकि 31 अक्टूबर को गुरुवार है और प्रदोष व्यापिनी के साथ-साथ संपूर्ण रात्रि अमावस्या युक्त है। दीपोत्सव का पर्व सूर्यास्त के बाद मनाया जाता है और इस दिन गणेश लक्ष्मी कुबेर आदि की पूजा की जाती है। ज्योतिष अनुसार कार्तिक महीने की अमावस्या प्रदोष काल से लेकर मध्य रात्रि निशिता मुहूर्त व लक्ष्मी पूजा के लिए श्रेष्ठ माना गया है इसलिए 31 को दीपावली, 2 नवंबर को अन्नकूट और 3 नवंबर को भाई दूज मनाया जाना श्रेयस्कर है। वृषभ लग्न प्रदोष काल और चौघड़िया के हिसाब से लक्ष्मी पूजन मुहूर्त गुरुवार 31 को शाम 6.25 से लेकर रात 8.20 तक श्रेष्ठ है इसी प्रकार निशिता मुहूर्त 11.39 से 12.30 तक उपयुक्त है।








मैसी ट्रैक्टर्स का नया शो रूम
दुर्गा पूजा, धनतेरस और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं
इस उत्सव में, मैसी लो ज़बरदस्त जैकपॉट जीतो।
MASSEY FERGUSON
MF 7235 DI I 35HP रेंज (25.74 kW)
₹55 7235/-*
मैसी जैकपॉट
लकी ड्रा स्कीम
1 सितम्बर - 30 नवम्बर 2024
1ST प्राइज़
मारुति ऑल्टो - 1 नंबर
2ND प्राइज़ बुलेट 2 नंबर्स
3RD प्राइज़ बाइक्स 3 नंबर्स
4TH प्राइज़ रेफ्रिजरेटर 11 नंबर्स
5TH प्राइज़ एलईडी टीवी 15 नंबर्स
6TH प्राइज़ स्मार्ट फोन 21 नंबर्स
निश्चित उपहार
*नियम व शर्तें लागू। कीमतें सिर्फ ट्रैक्टर्स की हैं। एक्सेसरीज़, रेजिस्ट्रेशन, इन्श्योरेंस, फाइनांस शुल्क अतिरिक्त। कीमत एक्सचेंज ऑफर पर लागू नहीं। यह स्कीम छत्तीसगढ़ डीलरों के सौजन्य से।
आवश्यकता है सेल्समेन खैरागढ़ - 5 पद छुईखदान - 5 पद
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के अधिकृत विक्रेता
आकाश एग्रो
विवेकानंद स्कूल के सामने, छुईखदान रोड खैरागढ़, मो. 9098600787, 9425560651, 9407610051


GREAVES
ELE By GREAVES
दीपावली
के पावन पर्व में
ग्रीव्स पेश करते है
भरोसेमंद एवं मजबूत ई-रिक्शा
भारी छूट के साथ...
इस बेमिसाल सवारी गाड़ी के साथ
LED TV फ्री में ले जाएं
श्री राम ट्रेक्टर्स
जी. ई. रोड, रेवाडीह पेण्ड्री, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 8223004001, 8223004010, 8223004002


उपहार उपहार उपहार उपहार उपहार
शोभा ज्वेलर्स
कृपया पधारकर सेवा का मौका अवश्य देवें।
सोना एवं चाँदी के जेवर की नगद खरीदी
पर पाये निश्चित उपहार....
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है...
भगवान महावीर चौक, गोल बाजार, खैरागढ़ (छ.ग.) फोन- 07820-234567, 89629-00000 (निश्चल)


खैरागढ़ की सबसे विश्वसनीय दुकान- विश्वास एवं शुद्धता का प्रतीक
शुभ दिवाली
बबलू सेठ की दुकान
जिनेन्द्र ज्वेलर्स एवं
जिनेन्द्र क्लॉथ स्टोर्स
इस दिपावली घर की लक्ष्मी को सजायें
जिनेन्द्र ज्वेलर्स के साथ...
सोने चांदी के आभूषणों के विक्रेता
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है।
सर्टिफाईड राशि रत्न उपलब्ध
प्रो. चमन डाकलिया
पता- गुजराती हॉटल के सामने, दीवान बाड़ा, खैरागढ़ मो. 81094-71006, 94255-63224
अरिहंत, कवर्धा 83057-25255


HAVELLS
LLOYD
LG
LED TV में 3 वर्ष की वारंटी
लगातार 35 सालों से आपकी सेवा में
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहाँ सोफा, एल लक्जरी सोफा, आलमारी,
कूलर ईत्यादी आर्डर पर बनाया जाता है
इलेक्ट्रानिक्स & फर्निचर्स का अनुपम संग्रह
0% INTEREST
BAJAJ FINSERV
FINANCE AVAILABLE
LG Nilkamal SAMSUNG Haier HAVELLS VOLTAS Whirlpool DAIKIN
आशीष स्टोर्स इलेक्ट्रानिक्स & फर्निचर्स
दिगम्बर जैन मंदिर के पास, दीवान बाड़ा, खैरागढ़
आपका विश्वास हमारी पूंजी, आपकी सेवा हमारा सौभाग्य
मो.- 8349051715
9009351715


HONDA
SPECIAL OFFER
2100 तक का एक्सचेंज बोनस
2100 तक का कैश डिस्काउंट
हर गाड़ी की खरीदी पर स्क्रैच कूपन
हर गाड़ी की बूकिंग पर हेलमेट फ्री
हर गाड़ी की बूकिंग पर ट्राली बैग फ्री
मात्र 4999 की डाउन पेमेंट में ले जाये अपने सपनों की गाड़ी
Manraj Honda
सभी मॉडल की सभी रेंज उपलब्ध हैं
पाताल भैरवी मंदिर के पास, नागपूर नाका, डॉमिनोज के सामने, राजनंदगांव (छ.ग.)
SALES : 07744223333, 8435999991,2
SERVICE : 07744223434, 8435999993,4
BOOK NOW


धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं
जॉन डियर ट्रैक्टर वाजिब दाम में उपलब्ध
आज ही लाए अपने सपनों का ट्रैक्टर जॉन डियर ट्रैक्टर
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
टेक्नोलॉजी जो बदल दे आपकी जिंदगी
आया है राजा!
अब नए अवतार में
नया PowerTech 5310 57 HP 42kW
GearPro 12 F+4R
GearPro विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बैक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध।
जॉन डियर का वादा 5 साल की वारंटी
TremIV
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976 | अंबागढ़ चौकी 8103024569 | चिचोला | गण्डई
संपर्क :- 9977184777, 8120006476 | सर्विस :- 8120006480, 8120001601

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024



## नाबालिग को भगा ले गया, गिरफ्तार

राजनांदगांव। एक नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसला भगाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुईखदान के धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते विवेचना के दौरान सायबर सेल केसीजी की मदद से कॉल डिटेल एवं सीडीआर प्राप्त कर 26 अक्टूबर को प्रकरण के नाबालिग पीड़िता को ग्राम बिटकुली थाना बलौदाबाजार से आरोपी राहुल उर्फ दादू पिता नंदू उर्फ नन्दकुमार भुलैया उम्र 19 साल साकिन सोंड़ जिला बेमेतरा के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने से मामले में धारा 87, 64 बीएनएस, 06 पॉक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी राहुल उर्फ दादू को 26 अक्टूबर को गिरफ्तार कर 27 अक्टूबर को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

# दिवाली से पहले पुलिस का तोहफा गुम हुए 66 मोबाइल लोगों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों के गुम हुए मोबाइल की शिकायत पर जांच पड़ताल करते पुलिस ने 66 नग मोबाइल फोन को खोजकर उनके धारकों को लौटाया। मोबाइल पाकर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते पुलिस का अभार व्यक्त किया है।



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गुम मोबाइल की पतासाजी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत 66 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाइल कीमती लगभग 8 लाख रुपए को थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा ढूंढकर बरामद किया गया।

पुलिस अधीाक्षक मोहित गर्ग द्वारा 27 अक्टूबर को संवेदना कक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बरामद हुए सभी 66 नग मोबाइलों को प्रार्थीगणों को सुपुर्द किया गया है। इस दौरान पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक, एमन साहू निरीक्षक थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे। प्रार्थीगणों को उनके गुम मोबाइल मिल जाने से जिला राजनांदगांव पुलिस एवं थाना कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा कर धन्यवाद दिया गया। पुलिस के अनुसार आगे भी गुम मोबाइल की पतासाजी जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी कोतवाली, सीसीटीएनएस महिला आरक्षक रानू दुबे, सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, प्रदीप जायसवाल की सराहनीय भूमिका रही।

# शराब की अवैध बिक्री आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में की जा रही धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 18 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।



अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 26 अक्टूबर को सुकुलदैहान चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम डीलापहरी के एक दुकान में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर रेड कार्रवाई किया। आरोपी नितेश उर्फ नीतू वर्मा के कब्जे से 18 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 2340 रुपए एवं बिक्री रकम 230 रुपए बरामद कर आरोपी नितेश वर्मा को गिरफ्तार किया गया। जुर्म जमानतीय होने तथा आरोपी द्वारा जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।









## खबर संक्षेप

### राम्हेपुर कला में कक्षा 1ली से 5वी तक मासिक आकलन परीक्षा आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल राम्हेपुर कला में अक्टूबर माह में मासिक आकलन परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने प्रतिभा को दिखाएं। मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 1ली से 5वी तक के 93 छात्र छात्राओं का अक्टूबर माह में मासिक आकलन परीक्षा आयोजित किया गया ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर गुणवत्ता आ सके, कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान पाठक समीमुद्दीन कुरैशी, सहायक शिक्षक सीताराम बाझीकर, सहायक शिक्षिकाएं श्रीमती सारिका मिश्रा उपस्थित थें।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत पुस्तक वितरण किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला में ग्राम नोडल प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर, ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर, सर्वेयर दीपा राठौर द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से प्राप्त पाठ्य पुस्तक को स्वयंसेवी शिक्षकों राजेंद्र पटेल, रमेश कुमार पटेल, श्रीमती प्रीति पटेल, दीपक कुमार कश्यप, श्रीमती संतोषी टंडन, साधना यादव, नागेश्वरी निषाद, ओमप्रकाश निर्मलकर, दामेश्वरी पटेल, होरीलाल चंद्राक, आरती पटेल, सुदर्शन चंद्राकर, श्रीमती सोनिया कुम्भकार, श्रीमती चन्द्रा यादव, पूजा चंद्रवंशी, श्रीमती रत्ना निषाद को शिक्षार्थियों के लिए कार्य पुस्तिका, उल्लास प्रवेशिका, स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए मार्ग दर्शिका वितरण कर अपने-अपने केन्द्रो संचालित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा कोलेगांव से ग्राम प्रभारी नारद साहू ने अपने अपने पंचायत के अंतर्गत स्वयं सेवी शिक्षकों को पुस्तक वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास करना है।

### सेजेस पिपरिया में पालक शिक्षक मेगा बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया गया जोर



**हरिभूमि बरबसपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नई शिक्षा नीति के संबंध में पालकों को जानकारी देने और शिक्षा में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के मद्देनजर राज्य में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया जा रहा है, इसी तत्वाधान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पिपरिया में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन शनिवार को विद्यालय के सभागार कक्ष मे किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रमुख प्राचार्य सतीश कुमार बंजारे के निर्देशन में किया गया तथा इस कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विनोद चंद्रवंशी ने किया, जिसमे विद्यालय में आए सभी पालकों के साथ विद्यालय के सभी कक्षा के विद्यार्थीयों के एफए-2 परीक्षा के परिणाम पर चर्चा तथा भविष्य मे अच्छे परिणाम हेतु पालक व शिक्षक की भूमिका विषय पर विशेष गहन व चर्चा किया गया। उक्त कार्यक्रम मे वरिष्ठ व्याख्याता एके पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जिस तरह किसान फसल बुवाई करके देखरेख करता हैं, तभी फसल अच्छा होता हैं उसी प्रकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालक की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती हैं। इस कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विनोद चंद्रवंशी द्वारा इस पालक-शिक्षक मेगा बैठक में योजना, उद्देश्य और लाभ के बारे में बताया गया, पालको ने भी अपने विचार एवं सुझाव दिए और निरंतर पालक-शिक्षक मेगा बैठक होते रहें इस पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य सतीश कुमार बंजारे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विनोद चंद्रवंशी, वरिष्ठ व्याख्याता एके पाण्डेय, अर्जुन चंद्रवंशी, हंसराज चंद्राकर, देवकी नेताम, पवन कोसरिया सहित जलेश्वर प्रसाद, ललित धुर्वे, कृष्णनाथ योगी, रामप्रसाद, मोहित तथा बड़ी संख्या मे पालक गण, जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।

### कबीरधाम और बालाघाट के सीमावर्ती 36 गांवों की टीमों ने पंजीयन कराया

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र मटियाडोगरी में भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत मटियाडोगरी कबीरधाम छत्तीसगढ़ और मालूमझोला बालाघाट मप्र सीमा पर ग्राम मटियाडोगरी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 10 राष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया, जो पुलिस विभाग के सहयोग एवं कोच के अथक प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पारंपरिक रूप से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, नक्सल ऑपरेशन संजय धुर्वे व थाना प्रभारी रोशन बघेल का स्वागत करने पहुंचे।

नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम मटियाडोगरी थाना झलमला में 26 अक्टूबर से भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिला मुख्यालय से 71 किलोमीटर दूर स्थित गांव में पिछले 25 वर्षों से इस आयोजन की परंपरा चली आ रही है, जिसमें कबीरधाम और बालाघाट के सीमावर्ती 36 गांवों की टीमों ने पंजीयन कराया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और उप पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑपरेशन) संजय धुर्वे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस कराकर खेल का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं भाईचारे को बढ़ावा देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना और पुलिस तथा ग्रामीणों के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करना। कबीरधाम पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और विकास कार्यों को गति देने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग एक महत्वपूर्ण रणनीति बन चुकी है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के पर्यवेक्षण में उप पुलिस अधीक्षक संजय धुर्वे, सतीश धुर्वे, कृष्ण कुमार चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, थाना प्रभारी झलमला रोशन बघेल, उप निरीक्षक किसन तिलगाम, घनाराम सिन्हा, अभिजीत सिंह, रेखूराम धुर्वे, कृपाराम मरावी, नव राजूलाल यादव, दिवाकर, मगलु, तीजु की टीम ने मिलकर इस प्रतियोगिता को सफल बनाया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भय मुक्त वातावरण कभी नक्सलियों के लिए सुरक्षित माने जाने वाले इस क्षेत्र में कुमान पुलिस बेस कैंप खुलने के बाद ग्रामीणों में भय कम हुआ है और अब वे शासन की योजनाओं का लाभ खुलकर ले रहे हैं। सामुदायिक पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य न केवल अपराध और नक्सलवाद का मुकाबला करना है, बल्कि ग्रामीणों के बीच पुलिस की सकारात्मक छवि बनाना और उनके साथ संवाद स्थापित करना भी है। यह प्रतियोगिता इसी प्रयास का एक हिस्सा थी, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवा खेलों में रुचि लें और उन्हें मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिले।

#### ग्रामीणों और खिलाड़ियों में उत्साह



ग्राम मटियाडोगरी और आसपास के गांवों में क्रिकेट प्रतियोगिता एक उत्सव के रूप में मनाई गई। आयोजन के दौरान ग्रामीणों में गजब का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान सरपंच पुष्पा छुरे, प्रकाश टेकाम, उमेंद्र सिंह महावीर, ग्राम खेल समिति से समारू बैगा, संत कुमार, गिरवर, कोप सिंह, राजू छुरे, लक्ष्मण, ग्राम पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं, पुरुष खिलाड़ी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल था। ग्रामीणों ने न केवल खेल का आनंद लिया बल्कि पुलिस और प्रशासन के प्रति अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त की। इस आयोजन ने यह साबित किया कि पुलिस और ग्रामीणों के बीच आपसी सहयोग से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास की राह संभव है।

#### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक विकास की दिशा

कबड्डी व क्रिकेट जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक विकास को बढ़ावा देना कबीरधाम पुलिस का एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों में शामिल किया जा सकता है बल्कि उन्हें नक्सलवाद से दूर रखने के लिए भी प्रेरणा मिलती है। कबीरधाम पुलिस ने यह पहल कर साबित किया है कि सामुदायिक पुलिसिंग से नक्सलवाद से निपटने में काफी मदद मिल सकती है। ऐसे आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को उभारते हैं बल्कि ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ने में भी सहायक होते हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से पुलिस ने यह संदेश दिया कि नक्सलवाद का समाधान केवल बल प्रयोग से नहीं बल्कि विकास, संवाद और आपसी सहयोग से भी संभव है।

## ग्रामीण क्षेत्र में आज भी पुरानी रीति-रिवाज से सुआ गीत प्रचलित



■ सुआ गीत व नृत्य ग्रामीणों के मनमोह रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली पर्व की तैयारियों जोर शोर से किया जा रहा है, जिसमें शहर व अंचल में घरो की रंग रोगन व लिपाई पुलाई कार्य किया जा रहा है।

वहीं विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, दामापुर, कुण्डा क्षेत्र आसपास क्षेत्र में नन्हे मुन्हे बच्चों से बड़े बुजुर्गो में दीपावली पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार नन्हे मुन्हे बालिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ की पुराने रीति-रिवाज व परांपरानुसार सुआ गीत, राउत नाचा, गौरी-गौरा आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित है, वहीं क्षेत्र में दीपावली पर्व को लेकर गांव-गांव में घूम-घूम कर घर-घर जाकर छोटे-छोटे बालिकाओं द्वारा परंपरानुसार रीति रिवाज से भव्य आकर्षित व सुंदर मनमोहक साज सज्जा व झांकी से सुआ गीत एवं नृत्य कर रहे हैं वहीं सुआ गीत व नृत्य ग्रामीणों के मनमोह रहा है साथ ही साथ दीपावली पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## ग्रामीण क्षेत्र में वैज्ञानिक तरीका से किया जा रहा खेती-किसानी कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे किसानो द्वारा वर्तमान में वैज्ञानिक तरीके से नई-नई खोज और आविष्कार से कृषि के क्षेत्र मे क्रांति आई है। अब ग्रामीण क्षेत्र के किसानों द्वारा वैज्ञानिक तरीके से खेती-किसानी कार्य करने लगे हैं साथ ही साथ ग्रामीण किसान वैज्ञानिक तरीके से अच्छी पैदावार कर रहें हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा वैज्ञानिक तरीके से खेती किसानी कार्य किसा जा रही है जिसमें बड़े पैमाने पर साग सब्जी के अलावा अन्य और फसलों की अच्छी पैदावार करने लगे हैं जिससे ग्रामीण किसान मजदूरों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के ग्रामीण किसान ग्राम दौजरी निवासी संतोष चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी व बीजाझोरी निवासी लालप्रसाद साहू, सारंगपुर खुर्द निवासी महादेव ठाकुर, डबराभाट निवासी गोवर्धन अहिरे, पुन्नी भटट् द्वारा अब एक ही फसलों पर निर्भर नहीं है क्षेत्र के किसान अब वैज्ञानिक तरीके से पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र जैसे राज्यों की तरह एक ही खेतों में अनेक प्रकार की अच्छी फसलो की पैदावार कर रहे हैं जिसमें साग सब्जी टमाटर, बैगन, भिंडी, बरबटी, धनिया, मेथी, मिर्च, गोभी, लौकी, आलू, मूंगफली, हल्दी, सेमी, रखिया व करेला वहीं फल जैसे केला, पपीता जैसे कई प्रकार की साग सब्जियों की अलावा अन्य फसलों भी ले रहे हैं।



### छिंदीडीह में क्रिकेट प्रतियोगिता से युवाओं में उत्साह



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** जिले के कुकदूर तहसील के सुंदूर वनांचल स्थित छिन्दीडीह में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन से भारी उत्साह देखा गया। ग्राम छिन्दीडीह में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी क्रिकेट प्रेमी युवाओं के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान ग्राम पंचायत सचिव सुरेश भोई और शिक्षक रोशन सिंह कौशिल विशेष रूप से उपस्थित थें। शिक्षक रोशन सिंह ने युवाओं को खेल के माध्यम से नेतृत्व कौशल, आपसी सामंजस्य और प्रतिस्पर्धा की भावना के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा सभी खिलाड़ियों से खेल भावना से खेल खेलने अपील की गई। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में युवाओं के साथ आसपास के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका प्रदान करता है और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। ग्राम शिक्षित युवा सुनीत परस्ते के प्रयास से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में पंच भोला राम, बुधसिहं, चैनसिहं मेरावी, शिवप्रसाद, संतोष एवं समस्त खिलाड़ी गण उपस्थित थें।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में कक्षा नर्सरी से 12वीं के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में दी प्रस्तुति

# श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में कक्षा नर्सरी से हायर सेकेंण्डरी के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर मनमोहक शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि चन्द्रशेखर वर्मा प्रांत कार्यकारिणी विहिप, कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरेन्द्र सिन्हा, प्रांत संयोजक धर्मजागरण समन्वयक आरएसएस व डॉ पीपी चन्द्रवंशी, पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थें। द्वितीय दिवस कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्यमंत्री गृहमंत्री विजय शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वहीं नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी व पार्षद अनिल साहू कार्यक्रम में उपस्थित थें वहीं तृतीय दिवस में कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में मेधावी बच्चें के पालकों को अतिथि बनाया गया था, जिसमें दुर्गेश राजपूत, दीपक माग्रे, जनक बंजारे, प्रवीण जैन एवं श्रीमती लीला बाई रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत नन्हें-मुन्नें बच्चे द्वारा रंग-बिरंगे पोषाकों से सुसज्जित होकर एक बढ़कर एक शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

जिसने लोगों का मन मोह लिया। वहीं दूसरे दिन भी माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोह लिया। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में देश की विभिन्न संस्कृतियों को नृत्य के माध्यम से बच्चों ने प्रस्तुत किया और अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसमें राजस्थानी और छत्तीसगढ़ी लोक संगीत पर बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई जिसमें दर्शकों द्वारा सराहना की।

कार्यक्रम के शुरूआत में ही विद्यालय प्रबंधन व संस्था की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा द्वारा विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर सिलसिलेवार ढंग से जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के बच्चे आईआईटी, मेडिकल कॉलेज व खेल के क्षेत्र में अपने प्रदर्शन से आज जिले व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। अतिथियों द्वारा खेल एवं अन्य गतिविधियों में राज्य स्तारीय उच्च प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024



### दिवाली से पहले बाजार में ग्राहकी बढ़ने से व्यवस्था ठप, यातायात प्रभावित

# पहले दिन ही व्यवस्था ठप! नो-एंट्री व नो-पार्किंग में वाहन, लगा जाम

### कई दुकानों में नियम अनुसार पार्किंग ही नहीं, फिर भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली त्यौहार के मद्देनजर एक सप्ताह के लिए नए नियम के साथ बनाई गई बाजार व्यवस्था पहले दिन ही ठप हो गई। पुलिस व प्रशासन सहित व्यापारियों की बैठक में 27 से 31 अक्टूबर तक तीन बार चार पहिया वाहनों के लिए नो-पार्किंग और नो-एंट्री जोन बनाए गए, लेकिन नो-पार्किंग में वाहन खड़े नजर आए और नो-एंट्री में बे-रोक-टोक वाहन प्रवेश करते रहे। जिससे जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। दीपावली त्यौहार पर बेहतर यातायात व्यवस्था और सुचारू खरीदी-बिक्री को लेकर पुलिस व नगर निगम प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई है। इसके लिए स्टॉपर लगाकर तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों को प्रवेश से प्रतिबंध किए जाने का बोर्ड लगाया गया। वहीं शहर के जयस्तंभ चौक सहित अन्य क्षेत्रों में भी नो-पार्किंग बोर्ड लगाया गया, लेकिन इन नियमों का पालन नहीं होने से बाजार में पहले दिन ही अव्यवस्था नजर आई। नो-पार्किंग क्षेत्र में दो पहिया वाहनें खड़ी रही।

#### व्यापारियों में नाराजगी

इधर बाजार में वाहनों को एंट्री नहीं देने के मामले को लेकर व्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है। व्यापारियों ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान खरीदी का विशेष महत्व होता है, ऐसे में धनतेरस पर इलेक्ट्रॉनिक सामानों की बिक्री होती है। वाहनों को भीतर तक प्रवेश नहीं दिए जाने के चलते मुहूर्त पर खरीदी और सामान घर तक भेजने के लिए दिक्कत होगी। जिसकी वजह से व्यापार प्रभावित होगा। दीपावली पर्व को लेकर छोटे व्यापारियों ने खरीदी की हुई है। ऐसे में वाहनों को प्रवेश नहीं मिलने से इसका असर बिक्री पर पड़ेगा और सिनेमा लाइन, गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी रोड और जयस्तंभ चौक क्षेत्र के व्यापारियों को नुकसान उठाना होगा। प्रशासन के फैसले को लेकर व्यापारी विरोध प्रदर्शन करने का मन भी बना रहे हैं।




#### नहीं हुई बाजार में वॉलिंटियरों की व्यवस्था

पुलिस और नगर निगम प्रशासन द्वारा महज बोर्ड लगा दिया गया है, लेकिन नियमों पालन कराए जाने को लेकर व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। वहीं व्यापारियों और प्रशासन की बैठक के दौरान बाजार में व्यवस्था बनाने व्यापारियों से वालंटियर रखने भी कहा गया था, लेकिन कहीं भी वाहनों को व्यवस्थित खड़ी करने के लिए कोई भी वॉलिंटियर नजर नहीं आया।




#### जगह-जगह लग रहा जाम

27 से 31 अक्टूबर तक तीन व चार पहिया वाहनों को बाजार क्षेत्र में प्रवेश नहीं दिए जाने सहित पार्किंग की व्यवस्था की गई, लेकिन चार पहिया वाहन बाजार में घुसते रहे। इस दौरान जयस्तंभ चौक सहित अलग-अलग क्षेत्र में जाम के हालात भी बन गए।

#### निर्धारित पट्टी से बाहर पार्किंग

दोपहिया वाहन चालकों को सड़क किनारे बनाई गई निर्धारित पट्टी के भीतर वाहन खड़े करने कहा गया था और इस व्यवस्था को बनाने के लिए संबंधित दुकानदारों को भी निर्देशित किया गया था, लेकिन इस व्यवस्था पर भी अमल नहीं हुआ। दोपहिया वाहन पट्टी से बाहर खड़ी रही।

# धान कटाई शुरू, दिवाली बाद पकड़ेगी रफ्तार

### पर्व के चलते कृषि मजदूरों का टोटा, मशीन से कर रहे कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली पर्व से पूर्व गांवों में कई किसानों ने धान कटाई का कार्य शुरू कर दिया है। कृषि मजदूरों के अभाव में मशीनों के माध्यम से धान कटाई और मिंजाई कराई जा रही है। दिवाली बाद इस कार्य में और भी तेजी एवं किसानों की व्यस्तता बढ़ने की संभावना है।

अंचल के किसानों ने बताया कि हरूना पतला धान लगभग पक चुका है। वहीं माई धान को पकने में लगभग सप्ताह दो सप्ताह से अधिक का समय है, इसलिए दिवाली बाद ग्रामीण इलाकों में तेजी के साथ धान कटाई का कार्य बढ़ने की संभावना है। कई किसानों ने जो पतला धान हरूना का फसल ले रहे हैं, उनमें कई किसानों ने दशहरा पर्व के बाद से ही धान कटाई का कार्य शुरू भी कर दिया है।



#### पर्व के बाद आएगी तेजी

कई किसान दिवाली पर्व मनाने के बाद धान कटाई कार्य में जुटने की तैयारियों में है। किसानों के मुताबिक दिवाली बाद माई धान की कटाई शुरू कर दी जाएगी।

#### गांव पहुंच रही हार्वेस्टर मशीन

इधर दिवाली पर्व के चलते ग्रामीण इलाकों से कई लोग शहर में काम की तलाश में पहुंच रहे हैं। सुबह साइकिल, बाइक में गांव से शहर में काम तलाश कर कार्य करने के बाद शाम को वापस अपने गांव पहुंच रहे हैं। जिसके चलते ग्रामीण इलाकों में इन दिनों कृषि मजदूरों की भी कमी महसूस की जा रही है। कई किसान मशीन हार्वेस्टर के जरिये धान कटाई एवं मिंजाई करने जुटे हुए हैं। धान कटाई के मौसम को देखते हुए गांव-गांव में हार्वेस्टर मशीन पहुंचने लगी है। बताया गया कि दो से ढाई हजार रुपए एकड़ के हिसाब से हार्वेस्टर के माध्यम से धान कटाई की जा रही है।

# बलरामपुर मामले में कांग्रेस ने फूंका सीएम व एचएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बलरामपुर क्षेत्र के थाना में हुई युवक के मौत मामले में आक्रोश व्यक्त करते कानून व्यवस्था के मामले को लेकर शहर के इमाम चौक में मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस द्वारा आयोजित पुतला दहन के दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था का हवाला देते प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गृहमंत्री व मुख्यमंत्री का पुतला निकालकर शहर के इमाम चौक पहुंचे और यहां उन्होंने पुतला दहन किया। कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पुतला दहन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, श्रीकिशन खंडेलवाल, थानेश्वर पाटिला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी और मोहिनी सिन्हा सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



#### कानून व्यवस्था बदहाल

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपराधों को रोक नहीं पा रही है। बलरामपुर जिले में अपनी पत्नी की गुमशुदगी के मामले में थाना पहुंचे युवक की थाना में संदिग्ध मौत हो जाती है। भाजपा सरकार लोगों को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। प्रदेश में हत्या, लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

### करीब महीनेभर चलेगी शुटिंग, नवरात्रि बाद से शुरू

# घोटिया में बन रही ग्राम चिकित्सालय वेब सीरीज, पंचायत की टीम कर रही निर्देशन

### गांव में मेले जैसा माहौल, आसपास से आ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंचायत वेब सीरीज से देशभर में धूम मचाने वाली टीवीएफ की टीम अब राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक स्थित घोटिया गांव में आ पहुंची है। यहां टीम ग्राम चिकित्सालय नाम की एक वेब सीरीज बना रही है। खास बात यह है कि देशभर के कलाकारों के साथ ही गांव के लोगों को भी वेब सीरीज में काम दिया गया है। बताया गया कि टीम ने करीबन तीन महीने पहले लोकेशन में दस्तक देकर इस गांव का चयन किया था।

रविवार को टीम के सदस्यों ने प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की, जहां सीएम ने वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय के मुहूर्त-शॉट का क्लैप दिया। टीम ने सीएम को बताया कि उनका पिछला प्रोजेक्ट प्रसिद्ध पंचायत सीरीज था, जो काफी पॉपुलर रहा, लेकिन अब हम वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय की शूटिंग राजनांदगांव में करने जा रहे हैं। वेब सीरीज की टीम ने सीएम श्री साय को बताया कि उनके पंचायत सहित अन्य प्रोजेक्ट्स की शूटिंग मध्यप्रदेश में हुई है। मगर इस बार वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय की कहानी के लिए जैसी लोकेशन ढूंढी जा रही थी, उसकी तलाश छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में जाकर खत्म हुई।




#### स्थानीय कलाकारों को मिल रहा काम

वेब सीरीज बना रही टीवीएफ की टीम ने बताया कि सीरीज में छत्तीसगढ़ के लोकल टैलेंट को भी कास्ट किया जा रहा है। यहां बहुत प्रतिभाशाली कलाकार हैं। जिनका उपयोग वे कर रहे हैं, इसलिए थियेटर से जुड़े कलाकारों सहित स्थानीय लोगों को सेलेक्ट किया गया है। ग्राम चिकित्सालय के लिए लगभग एक महीने यहां शूट चलेगा।

#### तीन महीने पहले आई टीम

घोटिया के ग्रामीणों ने बताया कि करीबन तीन महीने पहले टीवीएफ की टीम उनके गांव आई थी, तब वेस सीरीज को ध्यान में रखकर लोकेशन देखी गई और घोटिया गांव का चयन किया गया। हालांकि वेब सीरीज की शुटिंग नवरात्र के बाद से ही शुरू की गई है। करीबन एक महीने तक यहां अलग-अलग सीन शुट किए जाएंगे। टीम ने अपने हिसाब से भी कई बदलाव गांव में किए हैं।

#### सुबह से शाम तक शुटिंग

घोटिया गांव में सुबह से ही वेब सीरीज की शूटिंग शुरू हो जाती है। शुटिंग के दौरान पूरा गांव सेट के आसपास ही मौजूद रहता है। गांव के लोगों द्वारा भी अभिनय करने से ग्रामीणों का जुड़ाव भी इससे हो गया है। हालांकि वेब सीरीज में गांव के असल नाम को बदलकर दिखाया जाएगा।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए

डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार

मिलने का समय - प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 25 दिसम्बर को

**कवर्धा।** बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम खण्डसरा में बोड़ला परिक्षेत्र डड़सेना कलार समाज की बैठक जायसवाल सामाजिक भवन में रखा गया। बैठक में शामिल होने पहुंचे डड़सेना कलार समाज जिला रूपेंद्र जायसवाल सहित बोड़ला परिक्षेत्र के अध्यक्ष, परिक्षेत्र पदाधिकारी गण व समाज वरिष्ठ गण उपस्थित हुई। बैठक का शुभारंभ अपने समाज के इष्टदेव सहस्त्रबाहु भगवान का माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित करके आरती के साथ किया गया। इसके उपरांत बैठक का मुख्य बिन्दू 25 दिसम्बर को होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, डड़सेना गौरव सम्मान व युवक-युवती विवरणिका पत्रिका प्रकाशन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल,जिला महामंत्री उमराव डड़सेना जिला उपाध्यक्ष आत्माराम, गजेन्द्र, जिला संरक्षक गुलाब, विष्णु, नवल, सालिक, जनपद उपाध्यक्ष व परिक्षेत्र महामंत्री सनत जायसवाल ,कवर्धा परिक्षेत्र अध्यक्ष बद्री जायसवाल बोड़ला परिक्षेत्र अध्यक्ष भूपत जायसवाल, कवल जायसवाल सहित समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ का किया गया गठन

**कवर्धा।** बोड़ला के जनपद पंचायत परिसर में रविवार दोपहर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। दीपक ठाकुर ने कर्मचारी हित में कार्य करने के लिए सशक्त संघ की आवश्यकता बताई। बैठक में बोड़ला तहसील व ब्लाक इकाई के गठन पर चर्चा कर पदाधिकारी मनोनीत किये। जिसमें योगेश्वर दास मानिकपुरी बोड़ला तहसील शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा सगनु राम धुर्वे को ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष साहू, प्रफुल्ल बिसेन, मोहन राजपूत, शत्रुहन डड़सेना, केडी वैष्णव, रामानुज यादव, अशोक कुमार, रामकुमार डहरिया, टीकाराम तिलकवार, विदेशी राम, महादेव पाटिल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# सात माह पहले शुल्क लेने वाले बोर्ड ने सात माह बाद भी नहीं दिया मूल्यांकन कार्य का पारिश्रमिक

- छत्तीसगढ़ टीचर्स सोसिएशन ने दिवाली के पहले भुगतान की किया मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छ्ग टीचर्स एसोसिएशन ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा-2024 के उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन कार्य के पारिश्रमिक का भुगतान दिवाली से पहले करने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा के उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कार्य विगत मार्च-अप्रैल में किया गया था, लेकिन मूल्यांकन के सात माह बाद भी मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि छग़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा वार्षिक परीक्षा के सात माह पहले ही परीक्षा शुल्क ले लिया जाता है, लेकिन जब उसी उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन भुगतान की बारी आता है तो टालमटोल किया जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि सात माह पहले ही विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क लेने वाले बोर्ड ने इस वर्ष सात माह बाद भी मूल्यांकन पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने मूल्यांकन पारिश्रमिक का भुगतान अविलम्ब करने की मांग किया है।

### जिले में एक लाख उत्तरपुस्तिका का हुआ मूल्यांकन

जिले के एकमात्र स्कूल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कवर्धा को बोर्ड मूल्यांकन केंद्र बनाया गया था, जहाँ लगभग एक लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया गया। जिले के तीन सौ शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य को मार्च-अप्रैल के भीषण गर्मी में पूर्ण किया था, जिनके लगभग तीस लाख रुपये पारिश्रमिक का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।



### दसवीं में दस एवं बारहवीं में ग्यारह रुपए निर्धारित

बोर्ड ने दसवीं के एक उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दर दस रुपए एवं बारहवीं में एक उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन राशि ग्यारह रुपए निर्धारित किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि मूल्यांकन कार्य के पारिश्रमिक का भुगतान शिक्षकों को मूल्यांकन के तुरंत बाद आसानी से किया जा सकता है। बोर्ड ने उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दर, टीए व डीए का राशि पहले ही तय कर रखा है, इसके बाद भी भुगतान में अनावश्यक विलंब बोर्ड के कार्यप्रणाली पर कई प्रश्न खड़े करते हैं।

**पीड़ा:** महिला कैदियों सहित उनके बाल बच्चों व परिजन भी काट रहे सजा, दुर्ग भेजी जाती है महिला कैदी

# जिले में महसूस की जा रही महिला जेल की भी आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इसमें कोई दो राह नहीं है कि बीते कुछ वर्षो से कबीरधाम जिले में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है और इन आपराधिक वारदातों में पुरूषों के साथ महिलाओं की संलिप्पता भी देखने को मिल रही है।

फिर चाहे वह हत्या के मामले हों, अवैध शराब बिक्री के मामले हों, बलवा, लड़ाई झगड़े के मामले हों या फिर कोई अन्य आपराधिक मामले। इन सभी में महिलाओं की संलिप्पता देखने को मिल रही है। इस बात की पुष्टि हाल के वर्षो में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दर्ज अपराधिक मामलों और इन मामलों में गिरफ्तार महिलाओं की संख्या को देखकर की जा सकती है। ऐसे में व्यवहारिक दृष्टि से जिले में एक महिला जेल की भी आवश्यकता महसूस की जा रही है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि वर्तमान में जिला मुख्यालय कवर्धा में जिला जेल तो है लेकिन इस जेल में सिर्फ पुरूष बंदियों को रखने की व्यवस्था है वहीं इस स्थिति में किसी आपराधिक मामले में महिला आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाता है और फिर उसे न्यायालीन अभिरक्षा में सीधे दुर्ग महिला जेल भेज दिया जाता है। निश्चित रूप से एक तो जेल में बंद होना और वह भी अपने गृह जिले से करीब 120 किलो मीटर दूर किसी दूसरे जिले की जेल में बंद होना एक महिला आरोपी के लिए, बेहद मानसिक पीड़ा देने वाला है। खासकर उन महिला आरोपियों के लिए जिनके छोटे-छोटे व नाबालिग बच्चे हैं।

कबीरधाम जिले से दुर्ग जेल की दूरी करीब 120 किलो मीटर दूर होने के कारण यहां जेल में बंद महिला आरोपियों के बच्चे अथवा दूसरे परिजन उनसे मिलने के लिए शासन तथा जेल प्रशासन द्वारा दी गई सुविधा का लाभ भी नहीं उठा पाते हैं और न ही उनकी कुशलता जान पाते हैं, जो जेल में बंद महिलाओं और उनके बच्चों के लिए बेहद पीड़ा दायक और किसी सजा काटने से कम नहीं है।

जबकि जिला जेल में बंद पुरूष बंदियों से उनके बच्चे व दूसरे परिजन सुविधा पूर्ण ढंग से निर्धारित प्रावधानों के तहत समय-समय पर मेल मुलाकात कर सकते हैं। क्योंकि यहां के बंदी अपने गृह जिले में ही हैं और उनके बच्चे तथा परिजन आसानी से व सुविधापूर्ण ढंग से मेलमुलाकात कर सकते हैं।

यहीं वजह है कि दूसरे जिले की जेल में बंद महिला आरोपी और उनके बच्चों तथा परिजनो की पीडा व समस्याओं को देखते हुए कबीरधाम जिले में भी महिला जेल की आवश्यकता महसूस की जा रही है। निश्चित रूप से शासन-प्रशासन को इस पर विचार करना चाहिए।

### लोहारीडीह मामले में दो दर्जन से अधिक महिलाएं दुर्ग जेल में बंद



यहां बताना लाजिमी होगा कि हाल के दिनों में जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह में दो ग्रामीणों की मौत और आगजनी के मामले में यहां की करीब दो दर्जन से अधिक महिलाओं को पुलिस प्रशासन ने बेहद संगीन धाराओं में आरोपी बनाया है और उनकी गिरफ्तारी कर उन्हें न्यायालीन अभिरक्षा में दुर्ग महिला जेल दाखिल किया गया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार की गई इन महिला आरोपियों में कई महिलाओं के छोटे-छोटे और नाबालिग बच्चें है जो बीते करीब महिने भर से अपनी मां के वापस घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन फिलहाल उनकी जमानत के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। वहीं इन बच्चों के गृह ग्राम से दुर्ग जेल की दूरी कई किलो मीटर होने के कारण वे हर हमेशा उनसे मेलमुलाकात करने तथा अपनी मां का हालचाल जानने भी नहीं जा सकते हैं। अगर वे ऐसा करते भी हैं तो उन्हें काफी आर्थिक वहन तो करना ही पड़ता है साथ ही अच्छी खासी परेशानियां भी उठानी पड़ती है।

### जिला जेल भी बंदियों के लिहाज से पड़ रहा छोटा

जिले के ग्राम जोराताल में संचालित जिला जेल भी जिले में लगातार बढ़ते अपराध व अपराधियों के लिहाज से अब छोटा पड़ने लगा है। स्थिति ये है कि यहां एक बैरिक के लिए निर्धारित बंदियों की संख्या से कहीं अधिक बंदियों को रखकर काम चलाया जा रहा है। जिससे जेल प्रशासन का तो काम चल रहा है लेकिन इस जेल में रखे गए कैदियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में शासन को जिला जेल की क्षमता बढ़ाए जाने पर भी विचार करने की जरूरत है।



# तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की ठोकर से मोटर सायकल चालक की मौके पर मौत

- गुस्साए ग्रामीणों ने की आरोपी वाहन चालक की जमकर पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सड़कों एक के बाद एक हो रहे सड़क हादसों की कड़ी में रविवार को एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें जिले के रेगाखार थाना क्षेत्र के ग्राम बावा तालाब के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने एक मोटर सायकल चालक को ठोकर मार दी। इस सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार ग्रामीण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बोलेरो वाहन चालक को पकड़कर पहले तो उसकी जमकर पिटाई की और बाद में उसे सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है वहीं बोलेरो वाहन को जप्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उसरवाही का रहने वाला चंदूलाल आयु 33 वर्ष रविवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे कवर्धा से धनिया बेंचकर वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम बावा तालाब के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चंदूलाल को अपनी चपेट में ले लिया। तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से चंदूलाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बोलेरो वाहन चालक को दबोच लिया और घटना की जानकारी तत्काल रेंगाखार जंगल पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जब तक आरोपी को अपने कब्जे में लेती गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी वाहन चालक की जमकर धुनाई कर दी और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जप्त कर लिया है। वहीं मृतक का भी शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया गया है।

## व्याख्याता ज्योति को मिला सर्वोच्च खिताब



**पंडरिया।** संभागीय कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के सभा कक्ष में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के अंतर्गत गत 25 अक्टूबर को उत्कृष्ठ व्याख्याता, प्राचार्य एवं प्रधानपाठक का सम्मान समारोह आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय हाई स्कूल सोमनापुर नया की व्याख्याता ज्योति ध्रुव को संभाग का सबसे बड़ा सम्मान शिक्षा श्री पुरस्कार के रूप में शील्ड, प्रशस्ति पत्र, दस हजार धनराशि, शाल एवं श्रीफल देकर मुख्य अतिथि दुर्ग के संभागायुक्त सत्यनारण राठौर, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त उपसंचालक शिक्षा विभाग हरिशंकर वर्मा, संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर, सहायक संचालक सत्यनारायण स्वामी, केके शुक्ला, कौशल चतुर्वेदी के कर कमलों से सम्मानित किया गया। इन्होंने नित नवाचार के माध्यम से विज्ञान विषय को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नए प्रयोगों के द्वारा पढ़ाकर बच्चों मे विषय के प्रति रुचि उत्पन करते हैं। विद्यार्थियो को अपने से जोड़े रखने के लिए अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियो मे सक्रिय सहभागिता निभाते है। पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवम शैक्षिक कार्यक्रम में समर्पित रूप से विद्यार्थियो की प्रतिभाओं को निखारने एवम उनके सर्वांगीण विकास का कार्य वर्षो से कर रहे हैं। इसके अलावा निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन, ड्रॉपआउट बच्चे को शिक्षा की मूलधारा में जोडने का प्रयास करते रहते हैं। यही कारण है कि यहां के विद्यार्थी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, शत प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम, बोर्ड परीक्षा मे टॉप टेन, श्रेष्ठ इको क्लब, स्काउट गाइड, रेडक्रास, विभिन्न प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त कर रहे हैं। इस सम्मान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, सहायक संचालक एमके गुप्ता, यूआर चंद्राकर, एमआईएस प्रशासक सतीष यदु, डीएसओ दिनेश साहू, सीएसी एसपी डडसेना, प्राचार्य संतोष कुमार साहू, व्याख्याता योगेश कुमार गुरु दीवान, महेंद्र कंठले, शकून पाटले, प्रधानपाठक पवन कुमार चांदसे, बीआर बांधकर, शिक्षक महेश जायसवाल, कार्तिक राम खूंटे, प्रताप सिंह राठौर ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किए।

# इंटैक की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आत्मानंद स्कूलों के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कला एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से गठित संस्था भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (इंटैक) कवर्धा अध्याय की ओर से गत 26 अक्टूबर शनिवार को स्वामी आत्मानंद आदर्श स्कूल के हाल में विद्यार्थियों के लिए एक क्विज व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में करपात्री स्कूल, आत्मानंद स्कूल कचहरी पारा, आत्मानंद स्कूल सिग्नल चौक, होली क्रॉस स्कूल, सत्ती वार्ड हाई स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कैलाश नगर स्कूल और विवेकानंद स्कूल के 36 बच्चों ने भाग लिया। आत्मानंद स्कूल कचहरी पारा की जोड़ी विवेकानंद सोनकर व धनंजय मानिकपुरी ने प्रथम स्थान और इसी स्कूल से अशफिया खान व शिया धुर्वे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर आत्मानंद स्कूल सिग्नल चौक की जोड़ी गुंजन श्रीवास्तव व माधुरी साहू रही। प्रथम स्थान प्राप्त जोड़ी को इंटैक के व्यय से राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। विजेता व सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को इंटैक के संयोजक राजा योगेश्वर राज सिंह, सह संयोजक महेन्द्र सिंह खनूजा, कार्यक्रम संयोजक आदित्य श्रीवास्तव, इंटैक सदस्य नीरज मंजीत, ललित चन्द्रवंशी व संतोष यादव ने प्रमाण पत्र दिए। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए योगेश्वर राज सिंह ने इंटैक का संक्षिप्त परिचय दिया और उज्जवल भविष्य के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। नीरज मंजीत ने कहा कि इंटैक की ओर से पूर्व में भी ऐसी प्रतियोगिताएं रखी गई हैं और आगे भी ज्ञानवर्धक स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम का कुशल संचालन आदित्य श्रीवास्तव ने किया व स्कूल के व्याख्याता नंदकुमार सोनी और अखिलेश तंबोली ने सक्रिय सहयोग दिया।



## नवघटा में विदाई समारोह आयोजित



**स लोहारा।** विकासखण्ड स लोहारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवघटा में पूर्व प्रभारी प्राचार्य पीएल ठाकुर, व्याख्याता बीआर साहू, प्रधान पाठक बीआर निर्मलकर एवं पदोन्नत होकर सहायक ग्रेड 2 बने श्रीकांत श्रीवास्तव को एक सादे समारोह में विदाई दी गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्त व पदोन्नत हुए अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत पूर्व प्रभारी प्राचार्य व्याख्याता व क्लर्क को स्मृति चिन्ह, साल व श्रीफल से विद्यालय के प्राचार्य सभी शिक्षकगणों व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के छात्रों ने भी स्मृति चिन्ह भेंट किया। सेवानिवृत पूर्व प्रभारी प्राचार्य पीएल ठाकुर, व्याख्याता बीआर साहू, प्रधान पाठक बीआर निर्मलकर ने अपने सेवा काल में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। सभी ने अपने प्रथम नियुक्ति से सेवानिवृत तक विभिन्न विद्यालयों में बिताए गए सुनहरे पलों के विषय में बताया। विद्यालय के प्राचार्य एमएल देवांगन व विद्यालय मे पदस्थ शिक्षक शिक्षकाओं ने अपने विचार रखते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में संकुल प्रभारी, शिक्षक, शिक्षिकाएं, शाला के विद्यार्थी एवं पालक गण उपस्थित थे।

**नगर के सरदार पटेल मैदान में सजी पटाखों की कई दुकाने, शुरू हो खरीदी**

# इस बार भी देशी पटाखों से धमाकेदार होगा दिवाली का त्यौहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दीपावली पर्व के नजदीक आते ही स्थानीय सरदार पटेल मैदान में पटाखों का बाजार सजने लगा है। जहां दीपावली पर्व को जगमग करने और धमाकेदार बनाने इस बार देशी पारम्परिक तथा अत्याधुनिक पटाखों की दर्जनो वेरायटी सजाई गई है।

हांलाकि दीप पर्व में अभी कुछ दिन बाकी होने के कारण पटाखा दुकानों में ग्राहकों की चहलकदमी उतनी खास नजर नहीं आ रही है फिर भी पर्व के नजदीक आते-आते अच्छी ग्राहकी की उम्मीद में नगर के करीब दो दर्जन से अधिक पटाखा व्यवसायियों ने नगरवासियों की दीवाली रंगीन और धमाकेदार बनाने अपनी दुकानों में पटाखों की आधुनिक वेरायटी सजाई है।

इन दुकानों में दीपावली में चलाए जाने वाले पारम्परिक पटाखों के अलावा आधुनिक पटाखे की अच्छी खासी वेरायटी उपलब्ध है। पटाखा विक्रेताओं ने बताया कि इस वर्ष इस वर्ष देशी पटाखों की आवाज गूंजेगी। क्योंकि बीते वर्षो में प्रतिबंधित व विरोध किए जाने के बाद चाईना पटाखा की बिक्री न के बराबर हो रही है।

देखी पटाखों में एक आवाज से लेकर 160 आवाज तक पटाखा उपलब्ध कराया गया है। जिसकी कीमत 1 रूपये से 1000 रूपए तक रखी गई है। इसी प्रकार चकरी, बटर फ्लावर, सर्च लाईट, माचिस, मल्टी कलर अनार, बंदूक आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है जो बच्चों को खासी पसंद है। पटाखा विक्रेताओं ने बताया कि परम्परागत पटाखों में चकरी 10 रूपए से 50 रूपए तक, अनारदाना 10 रूपए से 50 रूपए तक, फुलझड़ी 20 रूपए से 250 रूपए तक, फैंसी बम 100 रूपए से 250 रूपए, फैंसी एटमबम 30 रूपए नग से 100 रूपए नग, ऊपर फटने वाली लगूरी पटाखे 30 रूपए नग से 250 रूपए नग, 100 नग से 1000 नग वाली पटाखे की लड़, 100 रूपए से 1000 हजार रूपएतक बेंची जा रही है। इसके अलावा पटाखा दुकानों में रंगीन माचिस 10 रूपये से 20 रूपए तक, लाल पटाखे 20 रूपए पैकेट से 80 रूपए पैकेट तथा 7 आवाज वाला पटाखा 50 रूपए प्रतिनग की दर से बेचा जा रहा है।

कुल मिलाकर नगर के पटाखा दुकानो में एक से बढ़कर एक कई रेंज के पटाखके सजाए गए हैं।

# चोरी की नीयत से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में घुसे चोर का अब तक पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में गत 23-24 अक्टूबर को चोरी की नियत से बैंक का ताला तोड़कर दाखिल हुए नकाबबोश अज्ञात चोर का घटना के तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। कवर्धा कोतवाली प्रभारी की माने तो पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। बैंक तथा आसपास लगे सीसी टीबी कैमरों से प्राप्त फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और तलाश किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के ठाकुरदेव चौक के पास संचालित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात एक अज्ञात नकाबपोश ने दबिस दी है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर बैंक के मुख्य दरवाजे में लगे ताले के अलावा बैंक के अन्य चार तालों को कटर से काटकर बैंक के भीतर दाखिल हुआ लेकिन वह काफी प्रयास के बाद भी बैंक के लॉकर को नहीं खोल पाया और बैरंग ही लौट गया। गुरूवार की सुबह करीब 11.00 बजे जब बैंक के अधिकारी-कर्मचारी रोज की तरह बैंक पहुंचे तो उन्हें बैंक का मुख्य दरवाजा खुला मिला वहीं अंदर भी तीन ताले टूटे पड़े थे। जिसके बाद बैंक प्रबंधन द्वारा इसकी जानकारी तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी थी। तब से लगातार पुलिस बैंक में चोरी की नियत से दाखिल हुए इस नकाबबोश चोर की पतासाजी कर रही है लेकिन घटना के तीन दिन बाद भी उसे सफलता नहीं मिल पाई है। हालांकि कवर्धा कोतवाली के प्रभारी ने आरोपी के जल्द गिरफ्तारी की बात कही है।